# 1 राजस्थान : एक सामान्य परिचय

1. निम्न में से किस पुस्तक में 'राजस्थान' शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है?
(1) मुहणौत नैणसी री ख्यात (2) राजरूपक
(3) द ट्रेवल्स इन वैस्टर्न इण्डिया (4) प्रबन्ध कोष (1)

**व्याख्या–** मुहणौत नैणसी री ख्यात के अलावा राजरूपक पुस्तक में भी राजस्थान शब्द का प्रयोग हुआ है। मुहणौत नैणसी री ख्यात का रचनाकाल लगभग 1665 ई. है। राजरूपक (लेखक–वीरभान) का रचनाकाल लगभग 1731 ई. है।

2. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 17 मार्च, 2023 को राजस्थान विधानसभा में कितने नए जिले बनाने की घोषणा की थी?
(1) 7 (2) 17
(3) 21 (4) 19 (4)

**व्याख्या–** रामलुभाया कमेटी की सिफारिश पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 17 मार्च, 2023 को राजस्थान विधानसभा में 19 नए जिले (अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना–कुचामन, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा, नीमकाथाना, फलौदी, सलूम्बर, सांचौर, शाहपुरा) बनाने की घोषणा की थी तथा 4 अगस्त, 2023 को जिलों का नोटिफिकेशन जारी किया गया और 7 अगस्त, 2023 को जिलों का विधिवत् रूप से उद्घाटन किया गया।

3. राजस्थान के इस भूभाग के लिए 'राजस्थान' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोगकर्ता कौन है?
(1) अबुल फजल (2) कर्नल जेम्स टॉड
(3) जॉर्ज थॉमस (4) विलियम फ्रेन्कलिन (2)

**व्याख्या–** कर्नल जेम्स टॉड ने अपनी पुस्तक 'द एनाल्स एंड एंटिक्विटिज ऑफ राजस्थान' (प्रकाशन 1829 ई.) में इस भू–भाग के लिए 'राजस्थान' शब्द का प्रयोग किया है।

4. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था किस मुख्यमंत्री के समय पुनः प्रारम्भ की गई थी?
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) शिवचरण माथुर
(3) वसुन्धरा राजे (4) हरिदेव जोशी (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में 26 जनवरी, 1987 को मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी के समय संभागीय व्यवस्था को पुनःप्रारम्भ किया गया था।

5. राजस्थान गठन (1949) के समय जिलों की संख्या थी?
(1) 28 (2) 26 (3) 25 (4) 28 (3)

6. राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा है –
(1) 4850 किमी. (2) 5920 कि.मी.
(3) 6720 किमी. (4) 6920 किमी (2)

7. हनुमानगढ़ राजस्थान का कौन सा जिला है?
(1) 32 वाँ (2) 30 वाँ (3) 31 वाँ (4) 29 वाँ (3)

**व्याख्या–** 12 जुलाई, 1994 को राजस्थान के 31वें जिले हनुमानगढ़ का गठन किया गया, मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के समय इसे गंगानगर जिले से पृथक कर नया जिला बनाया गया था।

8. राजस्थान के कितने जिलों की सीमा किसी भी राज्य या अन्य देश से नहीं लगती है?
(1) 19 (2) 10 (3) 21 (4) 13 (3)

**व्याख्या–** राजस्थान के 21 जिले अन्तर्वती जिले हैं, जिनकी सीमा किसी भी पड़ौसी राज्य या देश से नहीं लगती है। ये 21 जिले जयपुर, जयपुर ग्रामीण, सीकर, दूदू, दौसा, गंगापुर सिटी, टोंक, बूँदी, अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, डीडवाना–कुचामन, नागौर, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, जालौर, बालोतरा, पाली, राजसमंद, शाहपुरा व सलूम्बर हैं।

9. 1 नवम्बर, 1956 (जब राजस्थान का पुनर्गठन हुआ) के दिन राजस्थान के मुख्यमंत्री कौन थे –
(1) हीरालाल शास्त्री (2) टीकाराम पालीवाल
(3) मोहनलाल सुखाड़िया (4) जयनारायण व्यास (3)

10. राजस्थान के किस शिलालेख में 'राजस्थानीयादित्य' शब्द का प्रयोग मिलता है
(1) बिजोलिया शिलालेख (2) बडली का शिलालेख
(3) बसंतगढ शिलालेख (4) हर्षनाथ शिलालेख (3)

**व्याख्या–** यह शिलालेख सिरोही के बसंतगढ़ में खीमल माता मंदिर में लगा है, यह शिलालेख 625 ई. का है, जो चावड़ा वंश के शासक वर्मलात के समय का है।

11. पाकिस्तान का कौनसा जिला राजस्थान को स्पर्श नहीं करता है?
(1) खैरपुर (2) मीरपुर
(3) संघर (4) उमरकोट (2)

**व्याख्या–** पाकिस्तान के 2 प्रांत व 9 जिले राजस्थान को स्पर्श करते हैं। जो गंगानगर से लेकर बाड़मेर जिले तक उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमशः इस प्रकार हैं– बहावलनगर, बहावलपुर, रहीमयारखान, घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट, थारपारकर।

12. निम्न में से राजस्थान के किस जिले की सीमा सर्वाधिक जिलों को स्पर्श करती है?
(1) टोंक (2) ब्यावर
(3) बीकानेर (4) पाली (1)

**व्याख्या–** टोंक जिला अपने पड़ौसी 8 जिलों (दौसा, सवाई माधोपुर, बूँदी, शाहपुरा, केकड़ी, अजमेर, दूदू व जयपुर ग्रामीण) से स्पर्श करता है। राजस्थान में सर्वाधिक पड़ौसी जिलों से सीमा बनाने वाला जिला जयपुर ग्रामीण (10 जिले) है।

13. पाली संभाग के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा जिला सम्मिलित नहीं है?
(1) जालौर (2) सांचौर
(3) सिरोही (4) बालोतरा (4)

**व्याख्या–** बालोतरा जिला, जोधपुर संभाग में सम्मिलित है।

14. राजस्थान राज्य की पंजाब से लगने वाली अन्तर्राज्यीय सीमा की लम्बाई कितने किमी. है?
(1) 169 किमी. (2) 89 किमी.
(3) 69 किमी. (4) 189 किमी. (2)

15. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा सम्भाग है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) उदयपुर (4) जयपुर (1)

16. कर्क रेखा की राजस्थान में लम्बाई है?
(1) 62 किमी (2) 27 किमी
(3) 26 किमी (4) 58 किमी (3)

17. किस जिले का हिस्सा पृथक कर नए दौसा जिले का निर्माण किया गया था?
(1) टोंक (2) अलवर
(3) जयपुर (4) करौली (3)

**व्याख्या–** 10 अप्रैल, 1991 को जयपुर जिले से पृथक कर दौसा जिले का निर्माण किया गया था।

18. राजस्थान राज्य की आकृति है?
(1) विषमकोणीय त्रिभुज (2) विषमकोणीय चतुर्भुज
(3) सप्तबहुभुजाकार (4) अर्द्धचन्द्राकार (2)

19. राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है लगभग?
(1) 3 लाख 42 हजार वर्ग मील
(2) 1 लाख 32 हजार 140 वर्ग मील
(3) 2 लाख 32 हजार 140 वर्ग मील
(4) 4 लाख 32 हजार वर्ग मील (2)

**व्याख्या–** इस प्रश्न में ध्यान रहे राजस्थान का क्षेत्रफल वर्गमील में पूछा गया है। प्रत्येक क्षेत्रफल को वर्गमील और वर्गकिमी में अलग–अलग याद नहीं किया जा सकता, इसलिए क्षेत्रफल के आँकड़े वर्गकिमी में याद रखो और उसे वर्गमील में बदलने का फॉर्मूला याद कर लो।

20. सिरोही के बसंतगढ़ शिलालेख में राजस्थान के नाम से मिलते जुलते कौनसे शब्द का उल्लेख है?
(1) रायथान (2) रजवाड़ा
(3) राजस्थानीयादित्य (4) राजगृह (3)

21. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन दो संभागों के अधीन जिलों की संख्या समान है?
(1) जोधपुर–बीकानेर (2) सीकर–उदयपुर
(3) अजमेर–जयपुर (4) बीकानेर–बाँसवाड़ा (3)

**व्याख्या–** अजमेर सम्भाग व जयपुर सम्भाग दोनों में 7–7 जिले शामिल है।

22. निम्न में से कौनसा जिला उदयपुर संभाग में शामिल नहीं है?
(1) राजसमंद (2) भीलवाड़ा
(3) चित्तौड़गढ़ (4) प्रतापगढ़ (4)

**व्याख्या–** प्रतापगढ़ जिला बाँसवाड़ा संभाग में शामिल है।

23. इस राज्य के लिए 'राजस्थान' शब्द को संवैधानिक मान्यता कब मिली?
(1) 26 जनवरी, 1950 (2) 26 नवम्बर, 1949
(3) 30 मार्च, 1949 (4) 1 नवम्बर, 1956 (1)

24. रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई का कितना प्रतिशत भाग राजस्थान को स्पर्श करता है?
(1) 32.32 प्रतिशत (2) 18.07 प्रतिशत
(3) 25.04 प्रतिशत (4) 9.18 प्रतिशत (1)

**व्याख्या–** रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई 3310 किमी है जिसमें से 1070 किमी राजस्थान को स्पर्श करती है, जो रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई का 32.32 प्रतिशत है।

25. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का तीसरा सबसे बड़ा जिला है?
(1) कच्छ (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) बीकानेर (2)

26. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए–
(i) गंगानगर (ii) नागौर
(iii) ब्यावर (iv) भीलवाड़ा
(v) प्रतापगढ़
(1) (i), (iii), (ii), (iv), (v)
(2) (v), (iv), (iii), (ii), (i)
(3) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(4) (i), (ii), (iv), (v), (iii) (3)

27. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था का प्रारम्भ किस मुख्यमंत्री के समय हुआ था?
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) हीरालाल शास्त्री
(3) हरिदेव जोशी (4) जयनारायण व्यास (2)

28. किस मुख्यमंत्री के समय राजस्थान में संभागीय व्यवस्था बंद कर दी गई थी?
(1) हरिदेव जोशी (2) मोहनलाल सुखाड़िया
(3) भैरोंसिंह शेखावत (4) हीरालाल शास्त्री (2)

29. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था कब पुनः प्रारम्भ की गई?
(1) 26 जनवरी, 1982 (2) 26 जनवरी, 1992
(3) 26 जनवरी, 1987 (4) 26 जनवरी, 1984 (3)

**व्याख्या–** 26 जनवरी,1987 को मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी के समय संभागीय व्यवस्था को पुनः प्रारम्भ की गई थी।

30. अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के सर्वाधिक नजदीक स्थित संभागीय मुख्यालय है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) उदयपुर (4) अजमेर (2)


31. राजस्थान के सीकर, जोधपुर, सिरोही, भीलवाड़ा जिलों का दक्षिण से उत्तर दिशा की अनुसार सही सुव्यवस्थित युग्म है–
(1) सीकर, जोधपुर, भीलवाड़ा, सिरोही
(2) सिरोही, भीलवाड़ा, जोधपुर, सीकर
(3) सिरोही, जोधपुर, भीलवाड़ा, सीकर
(4) सिरोही, भीलवाड़ा, सीकर, जोधपुर (2)


32. राजस्थान की दक्षिणी पश्चिमी सीमा किस राज्य से मिलती है?
(1) गुजरात (2) मध्यप्रदेश
(3) पंजाब (4) हरियाणा (1)

33. कर्क रेखा राजस्थान के किस भाग से गुजरती है?
(1) उत्तर (2) दक्षिण
(3) पूर्व (4) पश्चिम (2)

34. $74^{o}$ पूर्वी देशान्तर रेखा राजस्थान के किन जिलों से गुजरती है?
(1) झुंझुनूं, जयपुर, टोंक, बूँदी, कोटा, झालावाड़
(2) जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, जयपुर, दौसा
(3) जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, सिरोही
(4) गंगानगर, बीकानेर, ब्यावर, राजसमंद, सलूम्बर, डूँगरपुर (4)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।